सोने का आयात और तस्करी

प्रलिम्सि के लयि:

सोने का आयात, सोने की तस्करी, नॉर्थ ईस्ट स्मगलगि रूट

मेन्स के लयि:

सोने की तस्करी, सोने की तस्करी में पूर्वोत्तर क्षेत्र की भूमिका

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत के वित्त मंत्री** ने कहा है कि अधिकारियों को यह पता लगाना चाहिये कि **क्या उच्च सोने के आयात और तस्करी के बीच कोई संबंध है साथ ही तस्करी का पता लगाने हेतु क्या तरीका** है।

- यह ज्ञात है कि जब भी सोने के आयात में वृद्धि होती है, **सोने की तस्करी भी आमतौर पर बढ़ जाती है।**

भारत में सोने की तस्करी:

- **परिचय:**
  - डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की **स्मगलगि इन इंडिया रिपोर्ट 2021-22** के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में **कुल 833 किलोग्राम तस्करी का सोना ज़ब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ रुपए थी।**
    - वर्ष 2020-21 में खाड़ी क्षेत्र से तस्करी में गिरावट देखी गई थी **क्योंकि [कोविड-19 महामारी](#) के कारण हवाई उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।**
  - अगस्त 2020 तक पाँच वर्षों में भारत भर के हवाई अड्डों पर तस्करी के 16,555 मामलों में 11 टन से अधिक सोना **ज़ब्त** किया गया है।
  - उपर्युक्त रिपोर्ट किये गए आँकड़े ज़ब्त किये गए सोने के थे, हालाँकि जो तस्करी सफल रही हैं वह एजेंसियों द्वारा ज़ब्त की गई राशि से कहीं अधिक हो सकती है।
  - [विश्व स्वर्ण परिषद](#) **(World Gold Council- WGC)** के अनुसार, सोने पर आयात शुल्क 7.5% से बढ़ाकर 12.5% करने के कारण तस्करी पूर्व **कोविड** अवधि की तुलना में वर्ष 2022 में 33% बढ़कर 160 टन तक पहुँच सकती है।
  - पिछले 10 वर्षों में महाराष्ट्र में भारत में अधिकांश सोने की तस्करी हुई है उसके बाद तमिलनाडु और केरल का स्थान है।
- **पूर्वोत्तर तस्करी मार्ग:**
  - DRI की रिपोर्ट के अनुसार, ज़ब्त किये गए सोने का 73 फीसदी **म्यांँमार और बांग्लादेश के जरिये लाया गया था।**
    - वित्त वर्ष 2012 में ज़ब्त किये गए सोने का 37% म्यांँमार से था। इसका 20% हिस्सा पश्चिम एशिया से ज़ब्त किया गया है।
  - कई अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों से पता चलता है कि तस्करी का सोना चीन से म्यांँमार में **क्रमशः रुइली और म्यूज़ के शहरों के माध्यम से लाया जाता है।**
    - म्यूज़ पूर्वोत्तर म्यांँमार में शान राज्य में स्थित है **और रुइली युन्नान प्रांत, चीन के देहोंग दाई प्रांत में स्थित है।**

भारत द्वारा आयातित सोने की मात्रा:

- विदेशी मुद्रा के अधिक बहिर्वाह के साथ, आधिकारिक चैनलों के माध्यम से सोने के आयात में वृद्धि देखी जा रही है।
  - वर्ष 2020-21 में 2.54 लाख करोड़ रुपए के सोने के आयात की तुलना में **वर्ष 2021-22 में 3.44 लाख करोड़ रुपए का आयात दर्ज किया** गया।
- **वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल** के अनुसार, **चीन के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता भारत, एक साल में लगभग 900 टन सोने का आयात करता है।** वर्ष 2021 में भारत में इसकी खपत 797.3 टन थी (विगत 5 वर्षों में सबसे अधिक)।
- भारत **गोल्ड डोर बार(gold dore bar)** के साथ-साथ **परिष्कृत सोने(refined gold)** का आयात करता है।
  - विगत पाँच वर्षों में, **सोने की डोर बार** का आयात, भारत में **पीली धातु के कुल आधिकारिक आयात** का 30% रहा।

राजस्व आसूचना निदेशालय:

- राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI) **भारत की शीर्ष तस्करी-रोधी खुफिया, जाँच और संचालन एजेंसी है।**
- यह केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत कार्यरत **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के तहत काम करता है।**
- इसका नेतृत्व भारत सरकार के **विशेष सचिव** स्तर के **महानिदेशक** द्वारा किया जाता है।
- राजस्व आसूचना निदेशालय (Directorate of Revenue Intelligence - DRI) आग्नेयास्त्रों, सोना, नशीले पदार्थों, नकली भारतीय मुद्रा नोटों, प्राचीन वस्तुओं, वन्य जीवन और पर्यावरण उत्पादों की तस्करी की रोकथाम करके भारत की**राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।**
    - इसके अलावा, यह काले धन, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग के प्रसार को रोकने में भी मदद करता है।
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/import-smuggling-of-gold